उक्त नोटो के नम्बर फर्द पेशकशी में अंकित कर श्रीमती सुशीला महिला कानि. नम्बर 103 से कार्यालय हाजा के मालखाना से फिनोफथलीन पाउडर की शीशी मंगवाई गई। जिस पर श्रीमती सुशीला महिला कानि. नम्बर 103 मालखाना से फिनोफथलीन पाउडर की शीशी लेकर आई तथा उक्त 3,50,000/– रूपये के नोटों पर श्रीमती सुशीला महिला कानि. नम्बर 103 से अखबार के उपर रखकर नोटों पर हल्का–हल्का फिनोफथलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री अमित कुमार सोनी की जामा तलाशी गवाह श्री संजय बोड़ा से लिवाई जाकर मोबाईल फोन नम्बर 8209997940 परिवादी के पास रहने दिया गया। इसके अलावा कोई आपतिजनक दस्तावेजात व अन्य राशि नहीं रहने दी गई। उक्त फिनोफथलीन पाउडर युक्त 3,50,000/–रूपये जो श्री नन्दु जी सहायक उप निरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर कमिश्नरेट को दी जानी है, की राशि के नोटों को परिवादी श्री अमित कुमार सोनी के पेन्ट की दाहिनी जेब में 2000–2000 रूपये की एक गड्डी राशि 2 लाख रूपये एवं 500–500 रूपये की एक गड्डी राशि 50 हजार रूपये तथा अमित कुमार सोनी के पेन्ट की बांयी जेब में 500–500 रूपयों की 2 गड्डियॉ राशि 1 लाखे रूपये को श्रीमती सुशीला महिला कानि. नम्बर 103 से रखवाये जाकर गवाहान के समक्ष परिवादी श्री अमित कुमार सोनी को हिदायत दी गई कि इस रिश्वती राशि को रास्ते में नहीं छुऐ एवं आरोपी द्वारा मांगने पर ही उक्त रिश्वती राशि के पेन्ट की दाहिनी जेब व बांयी जेब में से निकाल कर देवे तथा आरोपी से हाथ नहीं मिलावे। ट्रेप पार्टी को देखकर अपने सिर पर आगे से पीछे अपना हाथ दो बार फेर या मन् राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस भ्र.नि.ब्यूरो जोधपुर के मोबाईल नं. 9414169480 पर रिश्वती राशि आदान–प्रदान होने की सूचना करें। तत्पश्चात् एक साफ कांच के गिलास में साफ पानी भरकर मंगवाया गया। जिसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार कर गवाहान तथा परिवादी को दिखाया गया तो सभी हाजरीन ने रंगहीन घोल होना स्वीकार किया। इस रंगहीन घोल में श्रीमती सुशीला महिला कानि. नम्बर 103 के हाथों की अंगुलियों को डुबोकर धुलवाई गई तो घोल का रंग गहरा गुलाबी हो गया जिसे सभी हाजरीन ने घोल का रंग गुलाबी होना स्वीकार किया। सभी हाजरीन को समझाईश की गई कि आरोपी द्वारा रिश्वती राशि के नोटों को हाथ लगाने और सोडियम कार्बोनेट के घोल में हाथ धुलाने पर घोल का रंग गुलाबी हो जायेगा। फिनोफथलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट के मिश्रण की क्रिया–प्रतिक्रिया व उपयोगिता के बारे में भली भांति समझाया गया। फिर नोटों पर पाउडर लगाने वाली श्रीमती सुशीला महिला कानि. नम्बर 103 से गिलास के गुलाबी घोल को बाहर फिकवाया जाकर गिलास को साफ पानी व साबुन से धुलवाया जाकर जिस अखबार पर रख कर नोटों पर फिनोफथलीन पाउडर लगाया गया था, उस अखबार को भी जलाकर नष्ट करवाया गया। फिनोफथलीन पाउडर की शीशी को पाउडर लगाने वाली श्रीमती सुशीला

महिला कानि. नम्बर 103 से कार्यालय हाजा के मालखाना में रखवायी गई। गवाहान को हिदायत दी गई कि जहां तक संभव हो परिवादी व आरोपी के बीच में होने वाली रिश्वती राशि लेन देन व वार्तालाप को देखने व सुनने का प्रयास करें। उक्त कार्यवाही का विस्तृत विवरण फर्द में अंकित किया जाकर फर्द पेशकशी एवं सुपुर्दगी रिश्वत राशि व दृष्टान्त फिनॉफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर मूर्तिब की गई। तत्पश्चात परिवादी श्री अमित कुमार सोनी व सहपरिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी को छोड़कर समस्त ब्यूरो टीम व दोनों स्वतन्त्र गवाहान के साबुन से साफ हाथ धुलवाये गये व ब्यूरो स्टाफ की आपसी जामा तलाशी लिरवाई जाकर अपने–अपने विभागीय परिचय–पत्र एवं अपने–अपने मोबाईल फोन पास में रहने दिये गये। कोई भी आपत्तिजनक वस्तु, राशि एवं दस्तावेजात किसी के पास नहीं रहने दिये गये मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा खर्चे के 1,000 रूपये अपने पास रखे। तत्पश्चात् वक्त 5.54 पी.एम. पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी के मोबाईल नं. 8000000460 से आरोपी श्री नन्द किशोर के मोबाईल नं. 9352649028 पर सह परिवादी के मोबाईल का स्पीकर ऑन करवाकर आरोपी श्री नन्द किशोर की उपस्थिति जानने बाबत वार्ता करवाई गई। वार्ता के दौरान आरोपी ने अपने आप को डयुटी में होना बताया व एक घण्टे बाद मिलने की बात कही। उक्त वार्ता को कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड किया गया। तत्पश्चात वक्त 06.35 पी. एम. पर मन् राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस हमराह स्वतंत्र गवाह श्री संजय बोड़ा, ब्यूरो जाब्ता श्री अयुबखान सहायक उप निरीक्षक, श्री मेघराज हैड कानि. 63, श्री अर्जुनसिह कानि. 319, श्री देवाराम कानि न. 373, श्री प्रकाश कानि. नं. 265, श्री छैलाराम कानि. नं. 46, श्री गणेश कानि. न .219 के सरकारी वाहन संख्या आरजे 14 यूसी 8906 मय चालक श्री खम्माराम व निजी मोटर साईकिलों से तथा श्री मनीष वैष्णव निरीक्षक पुलिस, श्री रामचन्द्रसिह कानि न. 432, स्वतन्त्र गवाह डॉ रामकुमार लोधा, परिवादी श्री अमित कुमार सोनी व सहपरिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी को श्री अमित कुमार सोनी की निजी कार से कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर एवं परिवादी के कार्य से सम्बन्धित दस्तावेज पत्रावली, ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप–प्रिन्टर एवं आवश्यक सामग्री के कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो स्पेशल यूनिट, जोधपुर से रवाना होकर पुलिस चौकी सोजती गेट के पास पहुंचे। जहां पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा सभी वाहनों को अलग–अलग जगह खड़े करवाकर जाब्ते को अपनी–अपनी पोजिशन लिरवाई गई। परिवादी श्री अमित कुमार सोनी से आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस की पुलिस चौकी सोजती गेट में उपस्थिति बाबत गोपनीय रूप से पता करने हेतु कहा गया तो परिवादी श्री अमित कुमार सोनी ने गोपनीय रूप से पता कर बताया की आरोपी श्री नन्दकिशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस अभी पुलिस चौकी सोजती गेट में उपस्थित नहीं है तथा जुलुस ड्युटी में है जो घण्टा भर बाद पुलिस चौकी सोजती गेट में आयेगा। जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस मय समस्त हमराहियान के आरोपी के आने के इन्तजार में गोपनीय रूप से मुकिम हुए। तत्पश्चात् वक्त **07.25 पी.एम.** पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी के मोबाईल नं. 8000000460 से आरोपी श्री नन्द किशोर के मोबाईल नं. 9352649028 पर सह परिवादी के मोबाईल का स्पीकर ऑन करवाकर आरोपी श्री नन्द किशोर की उपस्थिति जानने बाबत वार्ता करवाई गई। उक्त वार्ता में आरोपी ने अपने आप को डयुटी में होना बताया व एक घण्टे बाद मिलने की बात कही। उक्त वार्ता को कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड किया गया। तत्पश्चात वक्त 08.40 पी.एम. पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी के मोबाईल नं. 8000000460 से आरोपी श्री नन्द किशोर के मोबाईल नं. 9352649028 पर सह परिवादी के मोबाईल का स्पीकर ऑन करवाकर आरोपी श्री नन्द किशोर की उपस्थिति जानने बाबत पुनः वार्ता करवाई गई। वार्ता के दौरान सह परिवादी द्वारा अभी मिलना या सुबह मिलने के बारे में पुछा गया तो आरोपी द्वारा कुछ समय पश्चात् पुनः बताने की बात कही। उक्त वार्ता को कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड किया गया। तत्पश्चात् वक्त 09.40 पी.एम. पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी के मोबाईल नं. 8000000460 से आरोपी श्री नन्द किशोर के मोबाईल नं. 9352649028 पर सह परिवादी के मोबाईल का स्पीकर ऑन करवाकर आरोपी श्री नन्द किशोर की उपस्थिति जानने बाबत पुनः वार्ता करवाई गई। वार्ता के दौरान आरोपी श्री नन्दकिशोर द्वारा परिवादी को कहा गया कि आप कहा तथा पुलिस चौकी आने के लिये कहा। उक्त वार्ता को कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड किया गया। तत्पश्चात् वक्त 09.44 पी. एम. पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी के मोबाईल नं. 8000000460 से आरोपी श्री नन्द किशोर के मोबाईल नं. 9352649028 पर सह परिवादी के मोबाईल का स्पीकर ऑन करवाकर आरोपी श्री नन्द किशोर की उपस्थिति जानने बाबत वार्ता करवाई गई। वार्ता के दौरान सह परिवादी श्री दिनेश सोनी ने कहा अमित यही है, दस मिनट में पहुंच रहे है। उक्त वार्ता को कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड किया गया। तत्पश्चात वक्त 09.53 पी.एम. पर आरोपी श्री नन्द किशोर के पुलिस चौकी सोजती गेट में उपस्थित आना सुनिश्चित होने पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी को कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकार्डर ऑन कर सुपुर्द कर परिवादी श्री अमित कुमार सोनी व सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी को आरोपी श्री नन्द किशोर एएसआई से सम्पर्क कर रिश्वत राशि आदान–प्रदान करने हेतु पुलिस चौकी सोजतीगेट के लिये रवाना किया। वक्त 10.05 पी.एम. पर परिवादी श्री अमित कुमार सोनी पुत्र श्री मुरारीलाल सोनी जाति सोनी निवासी आर्यनगर कुड़ी भगतासनी जिला जोधपुर ने सोजती गेट पुलिस चौकी के परिसर में आकर रिश्वत राशि आदान–प्रदान होने का पूर्व निर्धारित गोपनीय ईशारा सिर पर दो बार हाथ फेर कर किया। जिस पर मन्

राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस मय ब्यूरो जाब्ता मय दोनो स्वतन्त्र गवाहान श्री संजय बोड़ा व डॉ. रामकुमार लोधा के परिवादी के पास पहुंचे। परिवादी श्री अमित कुमार सोनी व सहपरिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी व एक व्यक्ति वर्दी पहने हुए सोजतीगेट चौकी के परिसर में लैट बॉथ के बीच गली में खड़े मिले। जिस पर परिवादी को पूर्व में वक्त रिश्वति राशि लेन–देन वार्ता रिकॉर्ड करने हेतु कार्यालय का डिजिटल वाईस रिकॉर्डर दिया हुए को प्राप्त कर उसे स्वीच ऑफ कर मन् निरीक्षक पुलिस ने अपने पास सुरक्षित रखा। तत्पश्चात् परिवादी श्री अमित कुमार सोनी ने सोजतीगेट चौकी परिसर में लैट बॉथ के बीच गली में अपने पास खाकी कलर वर्दी पहने हुए खड़े व्यक्ति की तरफ ईशारा कर बताया कि यही श्री नन्दकिशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस पुलिस थाना सदर बाजार है। जिन्होने अभी–अभी मेरे से मांग कर रिश्वति राशि 3,50000/–रूपये प्राप्त कर अपनी पहनी हुई पेन्ट के आगे की दाहिनी जेब में बिना गिने ही रखे है। जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा अपना व हमरायान का परिचय देकर उस व्यक्ति का परिचय पुछने पर उसने अपना नाम श्री नन्द किशोर पुत्र श्री कानाराम जाति ब्राह्मण उम्र 52 वर्ष निवासी गांव गोवा कला पुलिस थाना भावन्डा तहसील व जिला नागौर हाल सहायक उप निरीक्षक पुलिस पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर होना बताया। जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी व सह परिवादी की तरफ ईशारा कर पुछा गया कि क्या आप इन दोनो को जानते हो तो श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस ने बताया कि मैं इन दोनो को जानता हूं यह श्री अमित कुमार सोनी व तथा श्री दिनेश कुमार सोनी जो श्री अमित कुमार सोनी का मित्र है। जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस को परिवादी श्री अमित कुमार सोनी से प्राप्त की गई रिश्वति राशि के बारे में पूछा गया तो उसने कहा कि मैंने कोई राशि प्राप्त नहीं की है, मैंने तो दोनो पक्षों में राजीनामा कराने के लिये 3,50,000/–रूपये लिये है। जिस पर पास ही खड़े परिवादी श्री अमित कुमार सोनी ने आरोपी श्री नन्दकिशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस के कथनों का खण्डन करते हुए बताया कि अभी–अभी श्री नन्दकिशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस ने मेरी रिपोर्ट पर कार्यवाही करने एवं मनीष सोलंकी द्वारा मुझे परेशान नहीं करने एवं सुरक्षा देने की गारन्टी की ऐवज में तय की गई रिश्वत राशि 3,50,000/–रूपये मेरे से मांग कर प्राप्त कर अपने पहनी हुई वर्दी की खाकी कलर की पेन्ट की आगे की दाहिनी जेब में रखे है। जिस पर आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस को उक्त राशि प्राप्त करने के सम्बन्ध में पुनः तस्सली देकर पुछा गया तो आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस ने कहा कि साहब मेरी गलती हो गई। मैंने श्री अमित कुमार सोनी व श्री दिनेश कुमार सोनी से उनको परेशान न करने एवं सुरक्षा देने की गारन्टी की ऐवज में 3,50,000/–रूपये मैंने लिये है। ताबाद सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि रिश्वति राशि का लेन–देन होने से पहले मेरे कहने पर श्री नन्द किशोर स.उ.नि. ने अपने मोबाईल से मेरी बात थानाधिकारी श्री सुरेश पोटलिया से करवाई। मैने थानाधिकारी श्री सुरेश पोटलिया को कहा कि अब कोई परेशानी तो नहीं होगी तो थानाधिकारी ने कहा नहीं होगी, तब मैंने कहा कि श्री नन्द किशोर जी तो प्रकरण की पुरी गारन्टी ले रहे है, तो थानाधिकारी ने कहा कि श्री नन्द किशोर जी जो कह रहे है सही कह रहे है, गलत नहीं कह रहे है तो मैंने थानाधिकारी को कहा कि मैं श्री नन्दकिशोर जी को कर रहा हूं। ताबाद आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस के दोनो हाथ कलाई के उपर से ब्यूरो जाब्ता से सुरक्षा की दृष्टि से पकड़वाये गये। तत्पश्चात श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो स्पेशल युनिट जोधपुर को सम्पूर्ण हालात से अवगत कराया गया। कार्यवाही स्थल सोजतीगेट चौकी परिसर में लैटबाथ की गली होने पर अग्रिम कार्यवाही सोजतीगेट चौकी में करने का निर्णय लेकर उक्त आरोपी को यथा स्थिति में पकड़े हुए रखते हुए मन् निरीक्षक पुलिस मय समस्त ब्यूरो, दोनो स्वतन्त्र गवाहान, परिवादी व सह परिवादी मय आरोपी के सोजतीगेट चौकी परिसर में स्थित थानाधिकारी कक्ष में जाकर अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ की गई। तत्पश्चात दोनों स्वतन्त्र गवाहान, परिवादी श्री अमित कुमार सोनी एवं सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी एवं ब्यूरों जाब्ता के रूबरू सरकारी वाहन में से ट्रेप बाक्स मंगवाकर आरोपी श्री नन्द किशोर पुत्र श्री कानाराम जाति ब्राह्मण उम्र 52 वर्ष निवासी गांव गोवा कला पुलिस थाना भावन्डा तहसील व जिला नागौर हाल सहायक उप निरीक्षक पुलिस पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर के हाथ धोवन की कार्यवाही आरम्भ की गई। ट्रेप बॉक्स में से दो कॉच के साफ गिलास निकाल कर उक्त कॉच की गिलासो में सोजती गेट चौकी में रखें पानी के कैम्पर में से साफ पीने का पानी की बोतल मंगवायी जाकर उक्त कांच की दो गिलासो को आधा–आधा भरवाया गया। उक्त दोनो गिलासो में एक–एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट का पाऊडर डालकर चम्मच से हिलाया गया तो दोनो गिलासो के घोल का रंग रंगहीन रहा। जिससे सभी उपस्थितगणो ने रंगहीन होना स्वीकार किया गया। एक गिलास के तैयार घोल में आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस के दाहिने हाथ की अंगुलियों व अंगूठे को डुबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग हल्का गुलाबी हो गया जिससे सभी उपस्थितगणो ने उक्त घोल का रंग हल्का गुलाबी होना स्वीकार किया। उक्त घोल को दो अलग–अलग कॉच की शीशीयों में आधा आधा भरकर सील मोहर कर प्रकरण का विवरण लिखकर सम्बन्धितगण के हस्ताक्षर करवाकर शीशीयों पर मार्क आर.एच.–1 व आर.एच.–2 अंकित किया गया। तत्पश्चात् दूसरे कॉच की गिलास के तैयार घोल में आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस के बायें हाथ की अंगुलियों व अंगूठे को डुबो कर धुलवाया गया तो घोल का रंग परिवर्तित होकर रंग हल्का गुलाबी हो गया जिसे सभी उपस्थितगणो ने उक्त घोल के रंग को हल्का गुलाबी होना स्वीकार किया। उक्त घोल को दो अलग–अलग कॉच की शीशीयों में आधा आधा भरकर सील मोहर कर

प्रकरण का विवरण अंकित कर सम्बन्धितगण के हस्ताक्षर करवाकर शीशीयों पर मार्क एल.एच.–1 व एल.एच.–2 अंकित किया गया। तत्पश्चात मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा स्वतन्त्र गवाह श्री संजय बोड़ा से आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस की जामा तलाशी लिरवाई गई तों आरोपी के पहनी हुई वर्दी की खाकी कलर की पेन्ट की आगे की दाहिनी जेब से भारतीय मुद्रा के 2000–2000 रूपयें एवं 500–500 के नोटों की गड़डिया पाई गई। उक्त नोटों की गड़डिया गवाह श्री संजय बोड़ा से आरोपी की जेब से निकलवाकर गवाह डॉ. राम कुमार लोधा सें पूर्व में तैयार फर्द पेशकसी कों सुपर्द कर उक्त राशि का बोल बोल कर गवाह श्री संजय बोड़ा सें मिलान करवाया गया तों फ़र्द पेशकसी के अनुसार उक्त राशि फर्द के मुताबिक 3,50,000/– रूपये होना पाई गई। उक्त भारतीय मुद्रा 3,50,000/–को बतौर वजह सबूत कपड़े के टुकड़े के साथ सील चिट कर प्रकरण का विवरण अंकित कर संबंधितगण के हस्ताक्षर करवाकर कब्जा ब्यूरो लिये गये। आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस की पुनः जामा तलाशी गवाह श्री संजय बोड़ा से लिवाई गई तो उसके पहनें हुए वर्दी के पेन्ट की बायी में एक जियोमी कम्पनी का मोबाईल जिसके आईएमईआई नम्बर 1. 869562050846632 2. 869562050846640 जिसमें एक एयरटेल कम्पनी की सिम नम्बर 9352649028 एवं दूसरी सिम बीएसएनएल जिसके नम्बर 8769397337 होना पाई गई। आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस के मोबाईल नं. 9352649028 से श्री सुरेश पोटलिया निरीक्षक पुलिस के मोबाईल नं. 9460892148 पर वक्त 10.00 पी.एम. पर हुई वाट्सअप कॉल का स्कीन शॉट लिया जाकर स्कीन शॉट का प्रिन्ट निकालकर मन् निरीक्षक पुलिस ने अपने हस्ताक्षर कर सम्बन्धितगणों के हस्ताक्षर करवाये। उक्त मोबाईल फोन कार्यवाही में वांछित होनें के कारण कब्जा ब्यूरों लिया गया। इसके अतिरिक्त आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस के पहनी हुई पेन्ट सामने की अन्दर की जेब से एक पास विभागीय पहचान पत्र, 11,300/–रूपये नगद एवं एक चैकिंग मीमों वर्ष 2023 पुस्तक क्र.सं. 0125504 की फर्द मिली। जिस पर उक्त राशि 11,300/–रूपये के बारे में आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस से पुछा गया तो उन्होने बताया किया उक्त राशि मैंने मेरे घरेलु खर्चे के लिये जेब में रखी है। जिस पर आरोपी का जवाब संतोषजनक होने से उक्त राशि 11,300/–रूपये, विभागीय परिचय पत्र एवं चैकिंग मीमों वर्ष 2023 पुस्तक क्र.सं. 0125504 की फर्द आरोपी को वापिस लौटाई गई। कार्यवाही के दौरान डॉ. दुर्गसिह राजपुरोहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो स्पेशल युनिट जोधपुर सोजतीगेट चौकी में स्थित थानाधिकारी कक्ष में उपस्थित आये। जिन्होंने हमराह श्री मनीष वैष्णव निरीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर को थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बाजार श्री सुरेश कुमार पोटलिया को उनके निवास स्थान से सोजती गेट चौकी कार्यवाही स्थल पर लाने हेतु निर्देशित कर वक्त 10.50 पी.एम. पर रवाना किया गया। तत्पश्चात् रिश्वति राशि बरामदगी स्थान आरोपी के पहनें हुए वर्दी की खाकी कलर की पेन्ट की आगे की दाहिनी जेब का धोवन लिया जाना आवश्यक होनें के कारण आरोपी के पहननें के लिए दूसरी पेन्ट की व्यवस्था की जाकर आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस के पहनी खाकी कलर की पेन्ट कों उतरवाया जाकर दूसरी पेन्ट पहनवाई गई। उक्त वर्दी की खाकी कलर की पेन्ट की आगे की दाहिनी जेब जहां से रिश्वति राशि 3,50,000/–रूपये बरामद हुई, का धोवन लेने हेतु दोनों स्वतन्त्र गवाहान, परिवादी श्री अमित कुमार सोनी व सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी एवं ब्यूरों जाब्ता के रूबरू एक कॉच के साफ गिलास में सोजती गेट चोकी में पानी के कैम्पर से साफ पीने का पानी की बोतल मंगवायी जाकर उक्त कांच की गिलास को पानी से आधा भरवाया गया। उक्त गिलास में एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट का पाऊडर डालकर चम्मच से हिलाया गया तो उक्त गिलास के घोल का रंग रंगहीन रहा। जिससे सभी उपस्थितगणो ने रंगहीन होना स्वीकार किया गया। आरोपी के पहनी हुई वर्दी की खाकी कलर की पेन्ट आगे की दाहिनी जेब को उल्टा करवाकर जेब का धोवन उक्त तैयार घोल के गिलास में डूबोकर लिया गया तों धोवन का रंग गहरा गुलाबी हो गया जिससे सभी उपस्थितगणो ने उक्त घोल के रंग कों गहरा गुलाबी होना स्वीकार किया। उक्त घोल को दो अलग–अलग कॉच की शीशीयों में आधा आधा भरकर सील मोहर कर प्रकरण का विवरण लिखकर सम्बन्धितगण के हस्ताक्षर करवाकर शीशीयों पर मार्क पी–1 व पी–2 अंकित किया गया। उक्त वर्दी की खाकी कलर की पेन्ट जिसके आगे की दाहिनी जेब जहां से रिश्वति राशि बरामद हुई है, उक्त पेन्ट की दाहिनी जेब को सुखाकर पेन्ट की दाहिनी जेब पर सम्बन्धितगण के हस्ताक्षर करवाकर उक्त वर्दी की खाकी कलर की पेन्ट को एक सफेद कपडे की थैली में डलवाकर थैली पर प्रकरण का विवरण अंकित कर सम्बन्धितगण के हस्ताक्षर करवाकर थैली को शील्ड मोहर कर मार्क पी अंकित किया गया। इसी दौरान श्री मनीष वैष्णव निरीक्षक पुलिस, श्री सुरेश कुमार पोटलिया निरीक्षक को लेकर कार्यवाही स्थल सोजती गेट चौकी पर उपस्थित आये। जिस पर श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा थानाधिकारी सदर बाजार पुलिस आयुक्तालय जोधपुर को अपना परिचय देकर उनका परिचय पुछा तो उन्होने अपना नाम श्री सुरेश पोटलिया पुत्र श्री विजयसिंह जाति जाट उम्र 43 वर्ष निवासी किले की ढाल, पोटलिया कॉलोनी पुलिस थाना कोतवाली जिला नागौर हाल निरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बाजार, आयुक्तालय जोधपुर होना बताया। जिस पर दोनो स्वतन्त्र गवाहान एवं सहपरिवादी के रूबरू परिवादी ने मन् निरीक्षक पुलिस को बताया कि श्री सुरेश कुमार पोटलिया थानाधिकारी से मैं एवं मेरा मित्र दिनेश कुमार सोनी दो दिन पहले मेरे परिवाद के सम्बन्ध में सोजती गेट चौकी पर उनके चैम्बर में मिले थे तब वहां उनके पास श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस भी बैठे हुए थे। तब थानाधिकारी ने मुझे परेशान न करने और सुरक्षा

देने की गारन्टी देने की ऐवज में रिश्वत की मांग की। तब मैंने कहा कि मेरे पास पैसे नहीं है तो उन्होने कहा कि आपके पास पैसे नहीं है तो खाली जेब मेरे पास क्यों आये हो। थानाधिकारी ने मेरा परिवाद श्री दिलीप सिंह सउनि. जांच अधिकारी से लेकर अपने स्वयं के पास रखा तथा श्री नन्द किशोर सउनि. को उक्त परिवाद में कार्यवाही करने के लिये आगे किया। जब हम दोनो थानाधिकारी के चैम्बर से बाहर निकले तो हमारे पीछे–पीछे श्री नन्दकिशोर स.उ.नि. आया तथा उसने कहा इस परिवाद निपटाने की ऐवज में सी.आई. साहब 5 लाख रूपये रिश्वति राशि मांग रहे है। जिस पर आरोपी श्री सुरेश पोटलिया ने बताया कि अमित कुमार सोनी मनगढत बाते कर रहा है एवं मैने इनसे कोई रिश्वति राशि की मांग नहीं की और ना ही रिश्वत ली है। जिस पर सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि रिश्वति राशि का लेन–देन होने से पहले मेरे कहने पर श्री नन्द किशोर स.उ.नि. ने मेरी बात थानाधिकारी श्री सुरेश पोटलिया से करवाई। मैने थानाधिकारी श्री सुरेश पोटलिया को कहा कि अब कोई परेशानी तो नहीं होगी तो थानाधिकारी ने कहा नहीं होगी, तब मैंने कहा कि श्री नन्द किशोर जी तो प्रकरण की पुरी गारन्टी ले रहे है, तो थानाधिकारी ने कहा कि श्री नन्द किशोर जी जो कह रहे है सही कह रहे है, गलत नहीं कह रहे है तो मैंने थानाधिकारी को कहा कि मैं श्री नन्दकिशोर जी को कर रहा हूं। जिस पर आरोपी सुरेश पोटलिया निरीक्षक पुलिस ने कहा कि गलती हो गई माफी चाहता हूं। दो दिन पूर्व श्री अमित कुमार सोनी व श्री दिनेश कुमार सोनी मुझे इसी कक्ष में मिले थे। मैंने श्री अमित कुमार सोनी का परिवाद जांच अधिकारी श्री दिलीप सिंह सउनि. से लेकर अपने पास रखा तथा उक्त परिवाद में कार्यवाही करने हेतु श्री नन्द किशोर सउनि. को श्री अमित कुमार सोनी व श्री दिनेश कुमार सोनी से बात करने के लिये कहा था। आज शाम को करीब 10.00 बजे मेरे से श्री नन्द किशोर स.उ.नि. ने अपने मोबाईल से वाट्सअप कॉल द्वारा श्री दिनेश कुमार सोनी से वार्ता करवाई थी। वार्ता में श्री दिनेश कुमार सोनी कहा कि श्री नन्द किशोर स.उ.नि. प्रकरण की गारन्टी ले रहे है तब मैंने कहा कि ये कह रहे है जो सही है। तत्पश्चात मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी के परिवाद की पत्रावली के सम्बन्ध में पुछा तो आरोपी श्री सुरेश पोटलिया निरीक्षक पुलिस ने बताया कि उक्त परिवाद की पत्रावली मेरे कार्यालय कक्ष की टेबल की दराज में रखी है। उक्त दराज की चाबी मेरे पास है। तत्पश्चात आरोपी श्री सुरेश पोटलिया निरीक्षक पुलिस ने थानाधिकारी कक्ष की टेबल की लॉकशुदा दराज का ताला स्वयं पास रखी चाबी से ताला खोलकर उक्त पत्रावली पेश की। जिसका अवलोकन कर पर उक्त पत्रावली पेज संख्या 1 से 15 तक होना पाई गई। जिसके प्रथम पेज व अन्तिम पेज पर मन् निरीक्षक पुलिस ने अपने हस्ताक्षर कर सम्बन्धितगण के हस्ताक्षर करवाकर कब्जा ब्यूरो ली गई। आईन्दा उक्त परिवाद पत्रावली की सक्षम अधिकारी से प्रमाणित शुदा फोटोप्रतियां प्राप्त कर मूल परिवाद पत्रावली लौटाई जायेगी। आरोपी श्री सुरेश पोटलिया की जामा तलाशी में पहनें हुए वर्दी के पेन्ट की बायी में एक वन प्लस कम्पनी का मोबाईल जिसके आईएमईआई नम्बर 1. 864835061003095 2. 864835061003087 जिसमें एक बीएसएनएल कम्पनी की सिम नम्बर 9460892148 एवं दूसरी सिम जीयो जिसके नम्बर 9057209048 होना पाई गई। आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस के मोबाईल नं. 9352649028 से श्री सुरेश पोटलिया निरीक्षक पुलिस मोबाईल नं. 9460892148 पर वक्त 10.00 पी.एम. पर हुई वाट्सअप कॉल का स्क्रीन शॉट लिया जाकर स्क्रीन शॉट का प्रिन्ट निकालकर मन् निरीक्षक पुलिस ने अपने हस्ताक्षर कर सम्बन्धितगणों के हस्ताक्षर करवाये। उक्त मोबाईल फोन कार्यवाही में वांछित होनें के कारण कब्जा ब्यूरों लिया गया। इसके अतिरिक्त आरोपी श्री सुरेश पोटलिया निरीक्षक पुलिस के पास कोई संदिग्ध राशि, दस्तावेज नहीं मिले, ना ही कब्जा ब्यूरो लिये गये। उपरोक्त समस्त कार्यवाही फर्द बरामदगी रिश्वत राशि एवं हाथ धोवन मुर्तिब की जाकर सम्बन्धितगणों के हस्ताक्षर करवाये गये। दिनांक 22.03.2023 को वक्त 04.00 ए.एम. पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा श्री नन्दकिशोर पुत्र श्री कानाराम जाति ब्राह्मण उम्र 52 वर्ष पेशा नौकरी निवासी गांव गोवा कला पुलिस थाना भावन्डा तहसील व जिला नागौर हाल सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना सदर बाजार आयुक्तालय जोधपुर एवं आरोपी श्री सुरेश पोटलिया पुत्र श्री विजयसिह जाति जट उम्र 43 वर्ष पेशा नौकरी निवासी गांव किले की ढाल, पोटलिया कॉलोनी पुलिस थाना कोतवाली जिला नागौर हाल निरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बाजार, आयुक्तालय जोधपुर को रूबरू मौतबिरान उनके द्वारा किये गये जुर्म से आगह कर जरिये पृथक–पृथक फर्दात गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात् परिवादी श्री अमितकुमार सोनी व सह परिवादी श्री दिनेशकुमार सोनी दोनो स्वतन्त्र गवाहान श्री अर्जुनलाल बोड़ा, डॉ रामकुमार लोधा को प्रातः 09.00 ए.एम पर ब्यूरो चौकी में उपस्थित होने हेतु पाबन्द कर रूखस्त किया गया। ताबाद मन् राजेन्द्रसिह निरीक्षक पुलिस मय समस्त हमराहयान एवं गिरफ्तारशुदा आरोपीगण श्री नन्दकिशोर एवं श्री सुरेश पोटलिया के फर्दातनुसार मालखाना आईटम एवं रिश्वति राशि एवं ट्रेप सामग्री को साथ लेकर जरिये सरकारी वाहन एवं निजी मोटर साईकिलों से रवाना होकर गिरफ्तार शुदा दोनो मुलजिमानों को साथ लेकर पुलिस थाना उदयमन्दिर पहुंचा जहां पर दोनों मुलजिमानों को वक्त 06.19 ए.एम. पर पुलिस थाना के सुरक्षित हवालात में जमा करवाकर श्री गणेश कानि. न. 219 की निगरानी मामुर की गई। ताबाद मन् निरीक्षक पुलिस उपरोक्त समस्त हमरायान एवं फर्दातनुसार उपरोक्त मालखाना आईटमों के पुलिस थाना उदयमन्दिर से जरिये सरकारी वाहन एवं मोटरसाईकिलों से स्पेशल युनिट ब्यूरो कार्यालय जोधपुर के लिये रवाना होकर ब्यूरो चौकी स्पेशल युनिट जोधपुर पहुंचा जहां फर्दातानुसार प्रकरण में जब्तशुदा आर्टिकल, आरोपी श्री नन्दकिशोर के दोनों हाथों के धोवन के शील्ड शुदा शीशीयां मार्का आर.एच. 1, आर.एच. 2, एल.एच. 1, एल.एच. 2, आरोपी श्री नन्द किशोर के पहनी हुई वर्दी की खाकी कलर की पेन्ट आगे

की दाहिनी जेब लिया गया धोवन की शील्ड शुदा शीशीयां मार्क पी–1 व पी–2, जहां से रिश्वत राशि बरामद हुई उक्त खाकी कलर की पेन्ट का शील्ड शुदा एक पैकेट मार्क–पी, रिश्वति राशि 3,50,000/–रूपये कपड़े के टुकड़े में शील्ड चिट शुदा, आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस का जियोमी कम्पनी का एक मोबाईल जिसके आईएमईआई नम्बर 1. 869562050846632 2. 869562050846640 जिसमें एक एयरटेल कम्पनी की सिम नम्बर 9352649028 एवं दूसरी सिम बीएसएनएल जिसके नम्बर 8769397337, आरोपी श्री सुरेश पोटलिया का एक वन प्लस कम्पनी का मोबाईल जिसके आईएमईआई नम्बर 1. 864835061003095 2. 864835061003087 जिसमें एक बीएसएनएल कम्पनी की सिम नम्बर 9460892148 एवं दूसरी सिम जीयो जिसके नम्बर 9057209048 को मालखाना प्रभारी श्री मेघराज हैड कानि. नं. 63 को सुरक्षित हालात में सम्भलाये जाकर जमा मालखाना करवाये गये एवं कार्यवाही से सम्बन्धित पत्रावली, डिजीटल वॉयस रिकार्डर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखा। वक्त 10.00 ए.एम. पर पूर्व से पाबन्दशुदा परिवादी श्री अमित कुमार सोनी, सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी एवं दोनो गवाहान श्री संजय बोड़ा एवं डॉ. रामकुमार लोधा ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आये। जिनकी उपस्थिति में दिनांक 21.03.2023 को परिवादी, सह परिवादी एवं आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस के मध्य रिश्वती राशि मांग सत्यापन की रूबरू हुई वार्तालाप जो कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकार्डर में 'रिकार्ड है। उक्त डिजीलट वॉयस रिकार्डर मन् निरीक्षक पुलिस की सुरक्षित अभिरक्षा से निकालकर उक्त रिकार्डर को मेरे निर्देशन में एवं मौजुदगी में कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री देवाराम कानि. नं. 373 द्वारा कार्यालय के कम्प्यूटर से कनेक्ट कर रुबरु मौतबिरान व परिवादी, सहपरिवादी के सुन–सुन कर शब्द–बशब्द फर्द ट्रांसस्क्रिप्ट रिश्वत राशि मांग सत्यापन तैयार की जाकर, फर्द पर संबंधितान के हस्ताक्षर करवाकर फर्द को शामिल रनिंग नोट किया गया। डिजीटल वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड वार्ता में परिवादी व सह परिवादी ने अपनी व आरोपी श्री नन्द किशोर के आवाज की पहचान की। उक्त वार्तालाप की विभागीय कम्प्यूटर की मदद से चार सीडीयां तैयार की। एक सीडी को मुल मानते हुए कपड़े थैली में डालकर कपड़े की थैली को शील्ड मोहर थैली पर प्रकरण का विवरण अंकित कर सम्बन्धितान के हस्ताक्षर करवाये गये। तीन सीडीयों को डब मानते हुए खुला ही रहने दिया गया। उक्त चारो सीडीयों को मालखाना प्रभारी श्री मेघराज हैडकानि. को सुपुर्द कर जमा मालखाना करवाई गई। तत्पश्चात् मन् निरीक्षक पुलिस हमराह दोनो स्वतन्त्र गवाह श्री संजय बोड़ा, डॉ. रामकुमार लोधा एवं परिवादी, सह परिवादी मय ब्यूरो जाब्ता श्री अयुब खां सहायक उप निरीक्षक पुलिस को साथ लेकर घटना स्थल का निरीक्षण करने हेतु पुलिस चौकी सोजतीगेट के लिये सरकारी वाहन मय चालक के घटना स्थल पुलिस चौकी सोजतीगेट पहुंचा। जहां पर वक्त 11.55 ए.एम. पर रूबरू स्वतन्त्र गवाहान परिवादी श्री अमित कुमार सोनी व सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी की निशादेही पर घटना स्थल का निरीक्षण कर फर्द नक्शा मौका एवं हालात मन् निरीक्षक पुलिस के निर्देशन में श्री अयुब सहायक उप निरीक्षक पुलिस की हस्तलिपि में मुर्तिब किया गया। फर्द पर सम्बन्धितान के हस्ताक्षर करवाकर शामिल रनिंग नोट किया गया। ताबाद समस्त हमरायान के जरिये सरकारी वाहन रवाना होकर ब्यूरो चौकी स्पेशल युनिट जोधपुर पहुंचे। तत्पश्चात् वक्त 12.35 पी.एम. पर परिवादी श्री अमित कुमार सोनी, सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी एवं दोनो स्वतन्त्र गवाहान की उपस्थिति में दिनांक 21.03.2023 को सह परिवादी श्री दिनेश कुमार सोनी एवं आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस के मध्य रिश्वती राशि लेन–देन पूर्व हुई 5 टेलीफोनिक वार्ताए एवं इसी रोज दिनांक 21.03.2023 को वक्त रिश्वति राशि लेन–देन परिवादी, सह परिवादी एवं आरोपी श्री नन्द किशोर के मध्य हुई रूबरू वार्ता एवं वक्त लेन–देन ही आरोपी श्री नन्द किशोर सहायक उप निरीक्षक पुलिस द्वारा अपने मोबाईल का स्पीकर ऑन कर आरोपी श्री सुरेश पोटलिया निरीक्षक पुलिस से हुई टेलीफोनिक वार्ता जो कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड है। उक्त रिकार्डर को मेरे निर्देशन में एवं मौजुदगी में कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री देवाराम कानि. नं. 373 द्वारा कार्यालय के कम्प्यूटर से कनेक्ट कर रुबरु मौतबिरान व परिवादी, सहपरिवादी के सुन–सुन कर शब्द–बशब्द फर्द ट्रांसस्क्रिप्ट रिश्वति राशि लेन–देन से पूर्व एवं रिश्वत राशि वक्त लेन–देन तैयार की जाकर, फर्द पर संबंधितान के हस्ताक्षर करवाकर फर्द को शामिल रनिंग नोट किया गया। डिजीटल वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड वार्ताओं में परिवादी व सह परिवादी ने अपनी व आरोपी श्री नन्द किशोर एवं आरोपी श्री सुरेश पोटलिया निरीक्षक के आवाज की पहचान की। उक्त वार्तालापों की विभागीय कम्प्यूटर की मदद से चार सीडीयां तैयार की। एक सीडी को मुल मानते हुए कपड़े थैली में डालकर कपड़े की थैली को शील्ड मोहर थैली पर प्रकरण का विवरण अंकित कर सम्बन्धितान के हस्ताक्षर करवाये गये। तीन सीडीयों को डब मानते हुए खुला ही रहने दिया गया। उक्त चारो सीडीयों को मालखाना प्रभारी श्री मेघराज हैडकानि. को सुपुर्द कर जमा मालखाना करवाई गई। तत्पश्चात् हस्व तलविदा श्री दिलीपसिंह सहायक उप निरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना सदर बाजार पुलिस आयुक्तालय जोधपुर से ब्यूरो कार्यालय स्पेशल युनिट जोधपुर में मन् निरीक्षक पुलिस के समक्ष हाजिर आया। जिससे परिवादी श्री अमित कुमार सोनी के परिवाद का जांच अधिकारी होने से पुछताछ नोट मुर्तिब कर पुछताछ नोट शामिल रनिंग नोट किया गया। परिवादी श्री अमित कुमार सोनी ने उनके तथा आरोपी श्री नन्द किशोर के मध्य दिनांक 20.03.2023 को उनके कार्य के सम्बन्ध में हुई वार्ता जिसमें आरोपी द्वारा रिश्वत राशि की मांग की गई है की विडियो रिकार्डिंग कर सीडी तैयार की गई है। जो सीडी खुली हालत में पेश की जो रूबरू गवाहान जरिये फर्द पेशकशी कब्जा ब्यूरो ली गई।

अब तक की सम्पूर्ण कार्यवाही से दिनांक 21.03.2023 को दौराने ट्रेप कार्यवाही आरोपी श्री नन्दकिशोर सउनि के दाहिनें हाथ की अंगुलियों व अंगूठे का धोवन हल्का गुलाबी व बांये हाथ की अंगुलियों व अंगूठे का धोवन हल्का गुलाबी प्राप्त होना, आरोपी श्री नन्दकिशोर सउनि के पहनी हुई वर्दी की खाकी कलर की पेन्ट आगे की दाहिनी जेब का धोवन का रंग गहरा गुलाबी प्राप्त होना तथा रिश्वति राशि 3,50,000 रूपयें रूबरू गवाहान के आरोपी श्री नन्दकिशोर सउनि की पहनी हुई वर्दी की खाकी कलर की पेन्ट आगे की दाहिनी जेब से बरामद होना, परिवादी द्वारा सह परिवादी श्री दिनेश कुमार के मोबाईल से बनाया गया वीडीओ रिकोर्डिंग पेश की गई जिसके अवलोकन से श्री नन्दकिशोर द्वारा विडीओ में परिवादी व सह परिवादी से कार्यवाही करने की एवज में पैसे की मांग करना एवं आरोंपी श्री सुरेश पोटलिया द्वारा परिवादी को सोजतीगेट चौकी पुलिस थाना सदर बाजार बुलाकर सहायक उप निरीक्षक नन्दकिशोर से मिलाना, वक्त मांग सत्यापन आरोपी नन्दकिशोर द्वारा परिवादी के सामने थानाधिकारी से बात करना, वक्त रिश्वत राशि लेन–देन पुनः आरोपी ननदकिशोर द्वारा अपने मोबाईल से जरिये वाट्सएप कॉल थानाधिकारी के मोबाईल पर अपने मोबाईल का स्पीकर ऑन कर बात करना व सह–परिवादी से बात कराना, बात में सह–परिवादी को परिवादी की रिपोर्ट पर कार्यवाही की गारंटी देना, आरोपी नन्दकिशोर कहे जैसा करने को सह परिवादी को कहना, सह परिवादी द्वारा नन्दकिशोर को देने को कहना जिस पर श्री सुरेश पोटलिया द्वारा सहमति देना एवं कार्य करने का आश्वासन देना, परिवादी के परिवाद के जॉच कर्ता श्री दलीपसिंह सउनिपु सदर बाजार से थानाधिकारी द्वारा एक दिन पूर्व ही परिवाद की मूल पत्रावली आफ रिकोर्ड अपने कब्जे में लेना नन्दकिशोर सउनि जो जॉचकर्ता नही था, उसके मार्फत परिवादी से रिश्वत की मांग करवाना एवं मौके की कार्यवाही से थानाधिकारी द्वारा लॉक सुद्वा टेबल की दराज से मूल परिवाद पत्रावली थानाधिकारी स्वयं से लॉक खुलवाकर परिवादी पत्रावली बरामद होना इत्यादि से उक्त आरोपीगण श्री नन्दकिशोर सउनि व श्री सुरेश पोटलिया थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर कमिश्नरेट के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 7 एवं 120 बी भादस का जुर्म प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाया गया है।

अतः आरोपीगण श्री नन्द किशोर पुत्र श्री कानाराम जाति ब्राह्मण उम्र 52 वर्ष निवासी गांव गोवा कला पुलिस थाना भावन्डा तहसील व जिला नागौर हाल सहायक उप निरीक्षक पुलिस पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर एवं श्री सुरेश पोटलिया पुत्र श्री विजयसिंह जाति जाट उम्र 43 वर्ष निवासी किले की ढाल, पोटलिया कॉलोनी पुलिस थाना कोतवाली जिला नागौर हाल निरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बाजार, आयुक्तालय जोधपुर के विरूद्ध जुर्म अन्तर्गत धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 एवं 120बी भा.द.सं. में बिना नम्बरी प्रथम सूचना वास्ते क्रमांकन हेतु प्रेषित है।

(राजेन्द्रसिंह)
**निरीक्षक पुलिस**
**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,**
**स्पेशल यूनिट, जोधपुर**

# कार्यवाही पुलिस

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईप शुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री राजेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, स्पेशल यूनिट, जोधपुर ने प्रेषित की है। मजमून रिपोर्ट से जुर्म अन्तर्गत धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 एवं 120बी भादसं में आरोपीगण 1. श्री नन्दकिशोर, सहायक उप निरीक्षक पुलिस एवं 2. श्री सुरेश पोटलीया, पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बाजार, आयुक्तालय, जोधपुर के विरूद्ध घटित होना पाया जाता है। अतः अपराध संख्या 65/2023 उपरोक्त धाराओं में दर्ज कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियाँ नियमानुसार कता कर तफ्तीश जारी है।

22/3/23
(कालूराम रावत)
उप महानिरीक्षक पुलिस,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,जयपुर।

कमांकः- 515-20 दिनांक 22.03.2023

प्रतिलिपिः-सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, जोधपुर।
2. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
3. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस-सर्तकता, राजस्थान, जयपुर।
4. पुलिस आयुक्त, जोधपुर पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर।
5. उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर।
6. अतितिरक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एस.यू., जोधपुर।

22/3/23
उप महानिरीक्षक पुलिस,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,जयपुर।